CA. Rajendra Goyal
Rajshri 10 Y.N. Road,
Behind Ankur Hospital
INDORE - MP - 452003

Ph No;- 0731-2545232, 4040232
Email ID :- goyalraj28@gmail.com

दिनाक : 07/04/2020

प्रति ,
आदरणीय प्रधान मंत्री
श्री नरेंद्र मोदी जी
नई दिल्ली ,

<u>विषय : कोरोनावायरस प्रकोप से अर्थव्यवस्था के पुनरुद्धार के लिए सुझाव</u>

हमारा देश पिछले कई वर्षों से कमजोर आर्थिक वृद्धि के दौर से गुजर रहा है। इस दौर में देश का व्यापारी इसलिए अपना अस्तित्व बचा पाया है कि उसे बैंको से पर्याप्त नगदी सहायता मिलती रही है ।

व्यापार एवं व्यवसाय सामान्यतः लाभ की कमी से ग्रसित रहा है । ऐसी स्थिति बहुत लंबी चल चुकी है और अब जबकि वर्तमान कोरोना वायरस के कारण आर्थिक उन्नति पर और भी अंकुश रहेंगा, यह जरूरी हो गया है की अब आर्थिक उन्नति का मुख्य आधार "लाभ" हो ना की "बैंक सहायता"।

यहां ये जानना भी जरूरी है कि वर्तमान कठिन समय मे व्यापारियों की सरकारी सहायता की अपेक्षाएं भी बहुत है, जिन्हें की पूरी करना सरकार के लिये नामुमकिन जैसा है ।

उक्त समस्या हेतु जरूरी है कि सरकार 'फिसकल डिफिसिट' एवं 'इन्फ्लेशन' को कम महत्व दे और यह ध्यान रखें कि ऐसी नीतियां एवं उनका समाधान बनाया जाए , ताकि व्यापारी हर हाल में लाभ कमा सके। ऐसा होने पर ही बैंकों का भी अस्तित्व बना रहेगा, क्योंकि लाभ ना होने की स्थिति में व्यापारी लोग बैंकों को पैसा वापस नहीं कर पा रहे हैं और बैंकों का एनपीए भी बढ़ता जा रहा है ।

यहां ये समझना भी उचित रहेगा की 2019 मे अच्छी वर्षा होने से 2020 मे सभी फसले ऐवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था अच्छी रहने की आशा है ।

कृपया उचित निर्णय लेकर इस कठिन समय मैं व्यापारियों का होंसला बढ़ावे एवं इस बाधा के बावजूद देश को '$ 5 trillion' की ओर अग्रसर करे ।

मैं आपके नेतृत्व और कार्यान्वयन कौशल को देखते हुए बहुत आशान्वित हूं ।

आपका आभारी

सीए. राजेंद्र गोयल, इंदौर